बजट घोषणा 2020–21

क्र.सं.	घोषणा संख्या	घोषणा
1.	68.	हाल ही में सम्पन्न हुई राज्य खेल प्रतियोगिता जिसमें 18 खेलों के लगभग 8 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया, की तारीफ चारों ओर हो रही है। पहली बार संपन्न हुए इन खेलों का ही नतीजा था कि असम में हुए 'खेलो इंडिया युथ गेम्स–2020' में राज्य का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। खेलों के प्रति जागरूकता लाकर हम Fit Rajasthan, Hit Rajasthan के लक्ष्य की ओर एक कदम और बढ़ायेंगे।
2.	69.	ग्राम स्तरीय खेल प्रतिभाओं की खोज कर आगे लाने के लिए राज्य खेलों की तर्ज पर हम ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय खेलों का आयोजन करेंगे। जिससे वर्ष 2022 में होने वाले राज्य खेल और अधिक सफल हो सकेंगे। इस हेतु 5 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा जायेगा।
3.	70.	इस वर्ष आयोजित राज्य खेलों में क्रिकेट और हैण्डबॉल शामिल नहीं किये जा सके थे। अब इन खेलों के भी ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तरीय आयोजन करवाये जायेंगे।
4.	71.	मै, प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर वर्तमान में दी जा रही 75 लाख रूपये की ईनामी राशि को बढ़ाकर 3 करोड रूपये, रजत पदक जीतने पर वर्तमान में दी जा रही राशि 50 लाख रूपये को बढ़ाकर 2 करोड़ रूपये एवं कांस्य पदक जीतने पर वर्तमान में दी रही राशि 30 लाख को बढ़ाकर 1 करोड़ रूपये करने की घोषणा करता हूँ। उसी तरह एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर वर्तमान में दी जा रही राशि 30 लाख रूपये को बढ़ाकर 1 करोड़ रूपये, रजत पदक जीतने पर वर्तमान में दी जा रही राशि 20 लाख रूपये को बढ़ाकर 60 लाख रूपये एवं कांस्य पदक जीतने पर वर्तमान मे दी जा रही राशि 10 लाख रूपये को बढ़ाकर 30 लाख रूपये करने की घोषणा करता हूँ।

5.	**72.**	प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए संविदा पर विभिन्न खेलों के 500 कोच लगाये जायेंगे। इस पर लगभग 10 करोड़ रूपये सालाना का व्यय होगा।
6.	**73.**	राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर मिलने वाले दैनिक भत्ते की दरों को बढ़ाकर क्रमशः 500 से 1 हजार रूपये एवं 300 से 600 करने की घोषणा करता हूँ।